दिन–शुक्रवार दिनांक– 06/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज संयुक्त रूप से पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में क्षेत्रीय चक्षु संस्थान सह चक्षु अस्पताल का उद्‌घाटन किया। यह पूर्वी भारत का सबसे बड़ा नेत्र अस्पताल है, जहाँ ट्रॉमा और इमरजेंसी नेत्र सेवाएं भी उपलब्ध हैं। इसका निर्माण लगभग एक सौ 88 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि आईजीआईएमएस में दो हजार पाँच से दो हजार चौबीस के बीच अभूतभूर्व बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएमसीएच में पाँच हजार चार सौ बासठ बेड की क्षमता वाला दुनिया के दुसरे सबसे बड़े अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार के आने के बाद सर्वांगीण स्वास्थ्य सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में विश्व की सबसे बड़ी यूनिवर्सल हेल्थ सर्विस आयुष्मान भारत की शुरूआत की गई है। इसका लगभग तेरह करोड़ परिवार और देश की चौवालीस प्रतिशत आबादी को लाभ मिल रहा है। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। उनका प्रयास है कि लोगों को पटना में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। श्री नड्डा आज भागलपुर और गया में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का भी उद्‌घाटन करेंगे। वे कल पटना के पीएमसीएच का निरीक्षण करेंगे और दरभंगा तथा मुजफ्फरपुर में नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का भी उद्‌घाटन करेंगे। श्री नड्डा दरभंगा में बनने वाले एम्स का स्थल निरीक्षण भी करेंगे।

आज उद्‌घाटित क्षेत्रीय नेत्र संस्थान में कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। संस्थान के प्रमुख डॉक्टर विभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि नए अस्पताल में प्रतिवर्ष तीन से पांच लाख लोगों का इलाज हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इसमें न्यूरो ऑप्थेल्मोलॉजी और पीडिएट्रिक्स ऑप्थेल्मोलॉजी जैसी पांच प्रकार की सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर दोहराया है कि वे अब भाजपा के साथ बने रहेंगे। आज पटना में एक कार्यक्रम के दौरान श्री कुमार ने कहा है कि उनसे दो बार गलती हो चुकी है और उन्हें इस बात का एहसास है। श्री कुमार ने कहा कि वे भाजपा के साथ मिलकर बिहार का विकास करते रहेंगे।

————————————————————————

बिहार में जातीय गणना के बाद आरक्षण के बढ़े दायरे पर रोक लगाने के पटना हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ राजद द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर आज सुनवाई हुई। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़, न्यायामूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्र की पीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। साथ ही पीठ ने इस याचिका को अन्य समान याचिकाओं के साथ संलग्न करने का भी आदेश दिया।

————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने विदेशी फंडिंग के मामले में नालंदा जिले के इस्लामपुर स्थित एक मदरसा में छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने मदरसा संचालक डॉक्टर मंजर इकबाल से लगभग चार घंटें तक पूछताछ की। साथ ही एनआईए की टीम ने मदरसे के लेनदेन की भी जांच की।

————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, पटना के फुलवारीशरीफ में एक सौ छह दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चाबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, रोहतास, कैमूर और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

————————————————————————

समाप्त